# गुलाबी गैंग ने मुख्यमंत्री की शवयात्रा निकाली, ज्ञापन सौंपा

## माचागोरा डेम के खोले गए गेट को बंद करने और गांव-गांव बिक रही अवैध शराब बिक्री पर रोक लगाने की मांग





**छिन्दवाड़ा, देशबन्धु।** गुलाबी गैंग ने माचागोरा डेम से गेट खोलकर सिवनी जिले के भीमगढ़ बांध में पानी छोड़ने पर तत्काल गेट बंद करने की मांग को लेकर सरकार और जिला प्रशासन के खिलाफ मोर्चा खोल दिया है। उनका कहना है कि पानी का अकाल और नल में पानी की जगह जिस तरह से शराब बह रही है, संपूर्ण छिंदवाड़ा जिला आज नशे की चपेट में है। मध्यप्रदेश सरकार का मौन और प्रशासन की निरंकुशता जनता में आक्रोश पैदा कर रहा है, जिससे भविष्य में गांव-गांव में उग्र आंदोलन के साथ विधवंसक रूप में प्रदर्शन किया जाना तय है। इस मुददे पर आज यहां गुलाबी गैंग ने मुख्यमंत्री की शवयात्रा निकाली और ज्ञापन सौंपा।

माचागोरा जलाशय के खोले गये गेट, जलाशय का स्तर लगातार कम होता देखने के बावजूद भी अन्य जिले सिवनी में स्थित संजय सरोबर (भीमगढ़ जलाशय) में पानी दिया गया गांव जलाकर शहर बसाने जैसा अन्यायपूर्ण क्रूरतम व्यवहार छिंदवाड़ा व चौरई की जनता के साथ किया गया।

झूठी वाहवाही लूटने के लिये सांसद ने सैंकड़ों लोगों का जीवन दाव पर लगा दिया है। जमुनिया माइक्रो एरिगेशन से जिले के 27 गांव सिंचित होना है, यह कार्य आज भी पूरा नहीं हुआ है। पेंच माइक्रो 1 से 30 गांव सिंचित होना है किन्तु आज दिनांक तक यह कार्य भी पूर्ण नहीं हुआ जिसके चलते इन क्षेत्र के किसानों को परियोजना के लाभ से वंचित होना पड़ा।

पेंच माइक्रो 2 का कार्य गतिहीन है जिसके चलते छिंदवाड़ा के अधिकांश ग्रामीण इलाके लाभांवित होने से वचित हैं। सांसद, मुख्यमंत्री मोहन यादव वोट लेकर अपने ही वादे भूल गये, सांसद व मुख्यमंत्री ने डूब प्रभावितों को चार गुना मुआवजा दिलवाने की घोषणा की थी पर आज दिनांक तक मुख्यमंत्री व सांसद ने अपने किये वादों की सुध नहीं ली।

उससे ज्यादा हमारा जिला नशे और शराब की गर्त में हर रोज जा रहा है, लगातार नौजवानों की मौतें, शर्मसार कर देने वाली घटनायें बढ़ रही हैं, जिससे शासन-प्रशासन बेखबर मूक बधिर होने का प्रमाण दे रहा है। जब तक चौरई क्षेत्र और छिंदवाड़ा जिले की पेयजल की समस्या का निराकरण नहीं हो जाता, चौरई क्षेत्र में पेयजल के स्थायी स्त्रोत स्थापित नहीं हो पाते, नहर व पाईप से ग्रामीणों को पर्याप्त जल नहीं दे दिया जाता तब तक छोड़े गये पानी को पुनः कुछ समय के लिये गेट बंद किया जाना चाहिये।

सिवनी जल संसाधन विभाग की लापरवाही का खामियाजा छिंदवाड़ा की जनता क्यों भुगतेगी, चौरई क्षेत्र में स्थायी जल स्त्रोत आज तक नहीं बनाये गये, कुछ अधूरे हैं तो कहीं अभी तक पानी नहीं पहुँच पाया, अब तक कुण्डा से लगे 32 गांव आज भी पानी की भीषण समस्या से जूझ रहें हैं। चौरई में हर एक दिन की आड़ में या 2 दिन में पानी दिया जा रहा है, माचागोरा जलाशय से 711 गांवों में पेयजल की आपूर्ति की जानी है साथ ही निश्चित मात्रा का पानी संकट काल के लिये भी रखा जाना चाहिये।

वर्तमान में लगातार माचागोरा का जो जल स्तर घट रहा है, निश्चित रूप से 15 से 20 दिनों में चौरई क्षेत्र के साथ-साथ छिंदवाड़ा भी भीषण जल संकट की चपेट में होगा जो कि निश्चित रूप से चिंता का विषय है। अगर कुछ समय के लिये जलाशय के खोले गये गेट बंद नहीं किये गये तो क्षेत्रीय जनता विकट समस्या का सामना करेगी। इस जिले के मुखिया सांसद को जिम्मेदारी लेना चाहिये कि अपने जिले की जनता के साथ सौतेला व अन्याय पूर्ण व्यवहार न करें। माचागोरा और क्षेत्र के बिगड़ते हालात मौजूदा सरकार के द्वारा किये गये झूठे वादे, झूठी नीतियों की कलई खोल रहे हैं, जिसका जबाव भविष्य में यही जनता अपने निर्णय के माध्यम से देगी।

गुलाबी गैंग चौरई व छिंदवाड़ा जिले की आवाम के साथ मध्यप्रदेश सरकार को आगाह करती है कि यदि चौरई की पेयजल की गंभी समस्या को ध्यान में रखकर पुनः खोले गये जलाशय के गेट बंद किये जायें, पर्याप्त जल स्त्रोत होने पर ही निकट के जिले सिवनी को आवंटित किया जाये अन्यथा चौरई, छिंदवाड़ा में उग्र आंदोलन किया जायेगा।

सार समाचार

## अक्षय तृतीया बाल विवाह पर विशेष जागरुकता अभियान



**छिन्दवाड़ा, देशबन्धु।** कल 24 अप्रैल 2025 को बाल विवाह मुक्त भारत अभियान के अंतर्गत अक्षय तृतीया के अवसर पर बाल विवाह मुक्त भारत अभियान रथ का शुभारंभ शैलेंद्र सिंह कलेक्टर जिला छिंदवाड़ा द्वारा हरी झंडी दिखाकर किया गया। जिसमें जिला कार्यक्रम अधिकारी डॉ. हेमंत छेकर एवं बाल संरक्षण अधिकारी चंद्रशेखर नागेश एवं अंजना पवार, रजनी स्वामी बाल कल्याण समिति के सदस्य श्रीमती क्षीप्रा गुप्ता, विशेष पुलिस इकाई से श्री सोनी, श्री बघेल एवं जिला महिला बाल विकास कार्यालय के कर्मचारी/समेकित की बाल संरक्षण योजना के कर्मचारी उपस्थित थे, एवं रथ के द्वारा ग्राम- सिवानी प्राणमोती, कुसमेंली, बोरिया एवं छिंदवाड़ा शहर अन्य गांव पर बाल विवाह जागरूकता अभियान को लेकर भ्रमण किया गया। आयोजक एक्सेस टू जस्टिस परियोजना के सहयोग से प्रदीपन संस्था जिला छिंदवाड़ा (म.प्र.) जिला को-ऑर्डिनेटर रामनाथ उइके, जिला परामर्शदाता रंजीता कश्यप एवं मनोज उइके, धीरेन्द्र कुमरे, मनोज इनवाती, रेखा मरावी, कमलाकर धुर्वे, रामेती डेहरिया, प्रमिला बंसल द्वारा किया गया।

## पांढुर्णा जिले के रायसोनी यूनिवर्सिटी साईखेड़ा में नरवाई प्रबंधन कार्यशाला



**छिन्दवाड़ा, देशबन्धु।** किसान कल्याण तथा कृषि विकास विभाग मध्यप्रदेश द्वारा संचालित नरवाई प्रबंधन कार्यक्रम के अंतर्गत पांढुर्णा कलेक्टर अजय देव शर्मा के निर्देशानुसार उप संचालक किसान कल्याण तथा कृषि विकास छिंदवाड़ा के मार्गदर्शन में आज जी.एच. रायसोनी यूनिवर्सिटी साईखेड़ा सौंसर में कृषि अभियांत्रिकी तथा एस.ए.डी.ओ. सौंसर कार्यालय द्वारा नरवाई प्रबंधन कार्यक्रम के अंतर्गत कार्यशाला का आयोजन किया गया। इस कार्यशाला में सहायक कृषि यंत्री समीर कुमार पटेल द्वारा नरवाई प्रबंधन के विभिन्न आयामों को लेकर प्रजेन्टेशन दिया गया, इसके लाभों से एवं भूमि पर्यावरण संरक्षण व उत्पादन वृध्दि के महत्व पर विस्तृत चर्चा की गई। कार्यक्रम के अंत में विश्वविद्यालय में उपस्थित प्राध्यापक एवं विद्यार्थियों द्वारा नरवाई न जलाने एवं कृषकों में इसके प्रति जागरूकता का प्रचार-प्रसार करने के लिये शपथ दिलाई गई। कार्यक्रम में विभागीय कृषि विस्तार अधिकारी व विश्वविद्यालय प्रबंधक उपस्थित थे।

## कुलबहरा नदी घाट की साफ सफाई

**छिन्दवाड़ा, देशबन्धु।** कलेक्टर शीलेन्द्र सिंह के निर्देशानुसार म.प्र.जन अभियान परिषद के जिला समन्वयक अखिलेश जैन व विकासखंड समन्वयक के कुशल मार्गदर्शन में नगर परिषद चांद में जल गंगा अभियान के अंतर्गत वार्ड क्रमांक- 5 कुलबहरा नदी घाट की साफ सफाई एवं शासकीय स्कूल में विद्यार्थियों को जल गंगा संवर्धन अभियान के अंतर्गत जानकारी प्रदान की गई। साथ ही नगर में सार्वजनिक प्याऊ की व्यवस्था एवं जल के अपवाह को रोकने के लिए अभियान चलाया गया, जिसमें नगर परिषद चांद के अध्यक्ष, उपाध्यक्ष एवं जनप्रतिनिधि और मुख्य नगर पालिका अधिकारी व कर्मचारी उपस्थित थे।

## गिद्ध गणना कार्यशाला आयोजित

**छिन्दवाड़ा, देशबन्धु।** कल 24 अप्रैल 2025 को संवाद सदन, छिंदवाड़ा में मुख्य वनसंरक्षक छिन्दवाड़ा मधु वि राज के मार्गदर्शन में तथा नोडल अधिकारी साहिल गर्ग वनमंडलाधिकारी पश्चिम छिन्दवाड़ा वनमंडल की उपस्थिति में वृत्त स्तरीय गिद्ध गणना कार्यशाला का आयोजन किया गया। जिसमें पश्चिम वनमंडल, पूर्व वनमंडल एवं पांढुर्ना वनमंडल तथा परासिया, तामिया, छिन्दवाड़ा, अमरवाड़ा उप वन मंडल के समस्त अधिकारी एवं फील्ड स्टॉफ के द्वारा उक्त कार्यशाला में सहभागी रहे।

29 अप्रैल 2025 को होने वाली गणना कार्य पूर्ण कैसे करें और किसी प्रकार की त्रुटि न हो, इस बाबत प्रशिक्षण दिया गया। भोपाल से आये मास्टर ट्रेनर डी.पी. श्रीवास्तव के द्वारा प्रशिक्षण दिया गया। कार्यक्रम में उपवन मंडल अधिकारी परासिया विजेंद्र खोब्रागडे तथा उपवन मंडल अधिकारी तामिया एच.सी. बघेल एवं उपवन मंडल अधिकारी छिंदवाड़ा भरत सोलंकी उपस्थित रहे।





## महिला सेवादल ने पहलगाम के 28 पर्यटक शहीदों को दी श्रद्धांजलि

**छिन्दवाड़ा, देशबन्धु।** जम्मू कश्मीर के पहलगाम गांव में 28 पर्यटक शहिद को महिला सेवादल द्वारा श्रद्धांजलि दी गई। महिला सेवा दल जिला अध्यक्ष डॉक्टर शबाना यासमीन खान 22 अप्रैल जम्मू कश्मीर के पहलगाम में हुई 28 बेगुनह सैलानियों की दर्दनाक हत्या कर शहीद कर दिया गया। महिला सेवादल द्वारा 2 मिनट का मौन धारण करके उन्हें श्रद्धांजलि दी गई।

आज के कार्यक्रम में मुख्य रूप से महिला सेवादल जिला अध्यक्ष डॉक्टर शबाना यास्मीन खान, जिला उपाध्यक्ष सलीका सरेआम, जिला महासचिव शाहजहां बानो, जिला सचिव रश्मि धुर्वे, हिना शेख, शन्नो कमरे, रामप्यारी हुई के कादिर मंसूरी आदि उपस्थित थे।

## छिन्दवाड़ा मेडिकल कॉलेज में पुलिस विभाग द्वारा साइबर क्राइम एवं यातायात नियमों पर किया जागरूक

**छिन्दवाड़ा, देशबन्धु।** अधिष्ठाता डॉ. अभय कुमार के निर्देशन पर मेडिकल कॉलेज में पुलिस विभाग के थाना कोतवाली निरीक्षक उमेश गोलहानी, यातायात पुलिस प्रभारी राकेश तिवारी और साइबर सिक्योरिटी सेल से मोहित चंद्रवंशी के द्वारा यातायात सुरक्षा नियमों, सावधानियों और साइबर फ्रॉड से बचने के विभिन्न उपायों के बारे में विस्तार से प्रेजेंटेशन एवं लेक्चर दिया गया। उक्त विषय में उपस्थित चिकित्सकों द्वारा भी अपने साथ घटित अनुभव साझा किए गए।

कार्यक्रम में अधीक्षक डॉ. विपिन जैन, विभागाध्यक्ष डॉ. सिरपुरकर, डॉ. वाघमारे, डॉ. खैरकर, डॉ. गंधे, डॉ. मेहता समेत अन्य फेकल्टी एवं छात्र छात्राएं उपस्थित रहे। डीन डॉ. अभय कुमार ने पुलिस टीम को स्मृति चिन्ह देकर आभार व्यक्त किया।

उपरोक्त का आयोजन प्रभारी अधिकारी डॉ. मेघा जैन द्वारा किया गया। समस्त आगंतुकों ने कार्यक्रम की प्रशंसा की।



# स्काउट गाइड के बच्चों ने कलेक्टर को दिए जल पात्र

## पक्षियों की प्यास बुझाने का काम कर रहे है स्काउट गाइड

**छिन्दवाड़ा, देशबन्धु।** इस भीषण गर्मी में पक्षियों के पानी पीने हेतु जल पात्रों का वितरण स्काउट गाइड के छात्रों द्वारा भारत स्काउट एवं गाइड जिला संघ छिंदवाड़ा के वार्षिक कार्यक्रमानुसार सभी स्काउट गाइड युक्त विद्यालय अपने स्काउट गाइड के शिक्षकों के साथ सतत कर रहे है। इसी श्रृंखला में गुरुवार को बालाजी पब्लिक स्कूल छिंदवाड़ा की स्काउट गाइड के छात्र-छात्राओं के द्वारा पक्षियों हेतु दाना पानी हेतु जल पात्रों के वितरण हेतु कलेक्टर कार्यालय में पहुंचकर कलेक्टर शीलेंद्र सिंह को प्रदान कर उन्हें अपनी सेवा भावी कार्यों की जानकारी प्रदान दी। इसके साथ ही कलेक्टर कार्यालय परिसर स्थित वृक्ष में स्वयं कलेक्टर शीलेंद्र सिंह द्वारा पक्षियों के पीने के लिए पानी के जल पात्र को टांगा गया एवं उसमें पानी डालकर अभियान की शुरूआत की गई।

स्काउट गाइड के बच्चो की यह अभिनव पहल की प्रशंसा करते हुए कलेक्टर शीलेंद्र सिंह ने सभी से कहा की आपके द्वारा इस भीषण गर्मी में पक्षियों के लिए दाना पानी का इंतजाम और अलग-अलग जगह पहुंचकर जलपात्रो का वितरण सराहनीय कार्य है। आपके इस नेक कार्यों के लिए मैं आपको बधाई देता हूं। एवम अन्य स्कूल के बच्चे भी इस तरह के सेवा भावी कार्य करे जिससे नेक कार्य तो होगा ही साथ ही समाज में सकारात्मक कार्यों के प्रति लोगो में रुचि भी पैदा होगी। उन्होंने स्काउट गाइड को इस अच्छे कार्य के लिए बधाई दी।





इसके पश्चात स्काउट गाइड के बच्चे जिला शिक्षा अधिकारी कार्यालय पहुंचकर जिला शिक्षा अधिकारी गोपाल सिंह बघेल, सहायक संचालक शिक्षा पी.एल. मेश्राम, डी.पी. डेहरिया, विकास खण्ड शिक्षा अधिकारी जी.एल. नायक, डी.ओ.सी. स्काउट नरेंद्र कुमार शर्मा, स्काउट गाइड जिला संघ अध्यक्ष विनोद तिवारी, जिला सह सचिव दिनेश वर्मा की उपस्थिति में किया गया। अध्यक्ष द्वारा जल पात्र वितरित किए गए एवम लगाए गए।

ज्ञात हो की डी.ओ.सी. स्काउट नरेंद्र शर्मा एवं स्कूल संचालक अभिषेक नायडू, आदर्श नायडू एवं स्कूल प्राचार्य श्रीमती बी अनुराधा नायडू के कुशल मार्गदर्शन में विगत तीन दिवस से जिले भर में पक्षी हेतु दाना पानी हेतु जल पात्रों का वितरित जगह-जगह किया जा रहा है। पक्षियों के लिए जल पात्र बटाने में बच्चो के साथ बालाजी पब्लिक स्कूल के स्काउट प्रभारी नरेश जोशी एवं गाइड प्रभारी ऊषा गाजरवार ने पक्षियों के बचाने के महत्व स्काउट एवं गाइड पर प्रकाश डाला तथा साथ ही उपस्थित स्काउट एवं गाइड के छात्र छात्राओं ने शाला परिसर के आसपास जनता कालोनी में घर-घर जाकर लोगों को पक्षियों हेतु दाना पानी के पात्र वितरित किए।

स्काउट गाइड के छात्र छात्राओं के इस नेक कार्य किए जाने हेतु अपने घर मोहल्ले में सभी को इस नेक कार्य किए जाने हेतु प्रेरित किया। इस अवसर पर स्काउट गाइड के नेक कार्य को देखते हुए जिला शिक्षा अधिकारी गोपाल सिंह बघेल ने कहा कि बालाजी पब्लिक स्कूल के स्काउट एवं गाइड दलों के द्वारा प्रति वर्ष इस प्रकार का कार्य किया जा है जिसकी जितनी प्रशंसा की जाय कम है। ये बच्चें हमेशा सेवा कार्यों में अपना सक्रिय योगदान देते है। उन्होंने कहा की इन बच्चों से प्रेरणा लेकर जिले के समस्त विद्यालय के स्काउट्स गाइड्स के छात्र छात्राओं के द्वारा भी इस तरह से सेवा कार्य किया जाना चाहिए।

स्काउट गाइड जिला संघ अध्यक्ष विनोद तिवारी ने सभी स्काउट्स गाइड्स को एवं शाला परिवार को इस पुनीत कार्य की सराहना की और कहा कि जिले के समस्त विद्यालय के स्काउट्स गाइड्स के द्वारा इस प्रकार के कार्य करने के लिए हमारे जिले के स्काउट गाइड के छात्र छात्राओं से सभी को प्रेरणा लेनी चाहिए।

उन्होंने स्कूल प्रबंधन से बी अनुराधा नायडू, अभिषेक नायडू, आदर्श नायडू सहित स्काउट गाइड प्रभारी नरेश जोशी एवम उषा गाजरबार के कुशल मार्गदर्शन हेतु स्काउट गाइड जिला संघ की और से धन्यवाद भी ज्ञापित किया। कार्यक्रम को सफल बनाने में नरेश जोशी, प्रभारी ऊषा गाजरवार एवं शाला के समस्त परिवार का विशेष योगदान सहयोग रहा।

# कांग्रेस के एससी प्रकोष्ठ की जिलाध्यक्ष ने दिव्यांग को दिलाई बैसाखी

**छिन्दवाड़ा, देशबन्धु।** केविन केयर एबिलिटी अवार्ड राष्ट्रीय पुरूस्कार से सम्मानित दिव्यांगजनों की सेवा में समर्पित संस्था आधार फाउण्डेशन पोआमा छिंदवाड़ा के द्वारा बौद्धिक एवं विकासात्मक दिव्यांगजनों के लिये संचालित पुर्नवास एवं विकास केन्द्र द्वारा गरीब बेसहारा दिव्यांग महिला मालती साहू को बैशाखी निःशुल्क सप्रेम भेंट की।

आधार फाउण्डेशन की संचालिका एवं अध्यक्ष सरिता पांडे ने बताया संस्था विगत 2011 से दिव्यांग जन के लिये कार्य कर रही है। इसी श्रृंखला में आज छिंदवाड़ा निवासी मालती साहू को बैशाखी प्रदान की गई। बैशाखी दिलाने में समाजसेवी संतोषी गजभिये का विशेष सहयोग रहा, संतोषी गजभिये द्वारा कई वर्षो से महिलाओं के उत्थान के लिये लगातार कार्य किया जा रहा है। बैशाखी पाकर मालती साहू ने प्रसन्नता जाहिर की।



# गुलाबी गैंग ने मुख्यमंत्री की शवयात्रा निकाली, ज्ञापन सौंपा

## माचागोरा डेम के खोले गए गेट को बंद करने और गांव-गांव बिक रही अवैध शराब बिक्री पर रोक लगाने की मांग

**छिन्दवाड़ा, देशबन्धु।** गुलाबी गैंग ने माचागोरा डेम से गेट खोलकर सिवनी जिले के भीमगढ़ बांध में पानी छोड़ने पर तत्काल गेट बंद करने की मांग को लेकर सरकार और जिला प्रशासन के खिलाफ मोर्चा खोल दिया है। उनका कहना है कि पानी का अकाल और नल में पानी की जगह जिस तरह से शराब बह रही है, संपूर्ण छिंदवाड़ा जिला आज नशे की चपेट में है। मध्यप्रदेश सरकार का मौन और प्रशासन की निरंकुशता जनता में आक्रोश पैदा कर रहा है, जिससे भविष्य में गांव-गांव में उग्र आंदोलन के साथ विधवंसक रूप में प्रदर्शन किया जाना तय है। इस मुददे पर आज यहां गुलाबी गैंग ने मुख्यमंत्री की शवयात्रा निकाली और ज्ञापन सौंपा।



माचागोरा जलाशय के खोले गये गेट, जलाशय का स्तर लगातार कम होता देखने के बावजूद भी अन्य जिले सिवनी में स्थित संजय सरोबर (भीमगढ़ जलाशय) में पानी दिया गया गांव जलाकर शहर बसाने जैसा अन्यायपूर्ण क्रूरतम व्यवहार छिंदवाड़ा व चौरई की जनता के साथ किया गया।

झूठी वाहवाही लूटने के लिये सांसद ने सैंकड़ों लोगों का जीवन दाव पर लगा दिया है। जमुनिया माइक्रो एरिगेशन से जिले के 27 गांव सिंचित होना है, यह कार्य आज भी पूरा नहीं हुआ है। पेंच माइक्रो 1 से 30 गांव सिंचित होना है किन्तु आज दिनांक तक यह कार्य भी पूर्ण नहीं हुआ जिसके चलते इन क्षेत्र के किसानों को परियोजना के लाभ से वंचित होना पड़ा।

पेंच माइक्रो 2 का कार्य गतिहीन है जिसके चलते छिंदवाड़ा के अधिकांश ग्रामीण इलाके लाभांवित होने से वचित हैं। सांसद, मुख्यमंत्री मोहन यादव वोट लेकर अपने ही वादे भूल गये, सांसद व मुख्यमंत्री ने डूब प्रभावितों को चार गुना मुआवजा दिलवाने की घोषणा की थी पर आज दिनांक तक मुख्यमंत्री व सांसद ने अपने किये वादों की सुध नहीं ली।

उससे ज्यादा हमारा जिला नशे और शराब की गर्त में हर रोज जा रहा है, लगातार नौजवानों की मौतें, शर्मसार कर देने वाली घटनायें बढ़ रही हैं, जिससे शासन-प्रशासन बेखबर मूक बधिर होने का प्रमाण दे रहा है। जब तक चौरई क्षेत्र और छिंदवाड़ा जिले की पेयजल की समस्या का निराकरण नहीं हो जाता, चौरई क्षेत्र में पेयजल के स्थायी स्त्रोत स्थापित नहीं हो पाते, नहर व पाईप से ग्रामीणों को पर्याप्त जल नहीं दे दिया जाता तब तक छोड़े गये पानी को पुनः कुछ समय के लिये गेट बंद किया जाना चाहिये।

सिवनी जल संसाधन विभाग की लापरवाही का खामियाजा छिंदवाड़ा की जनता क्यों भुगतेगी, चौरई क्षेत्र में स्थायी जल स्त्रोत आज तक नहीं बनाये गये, कुछ अधूरे हैं तो कहीं अभी तक पानी नहीं पहुँच पाया, अब तक कुण्डा से लगे 32 गांव आज भी पानी की भीषण समस्या से जूझ रहें हैं। चौरई में हर एक दिन की आड़ में या 2 दिन में पानी दिया जा रहा है, माचागोरा जलाशय से 711 गांवों में पेयजल की आपूर्ति की जानी है साथ ही निश्चित मात्रा का पानी संकट काल के लिये भी रखा जाना चाहिये।

वर्तमान में लगातार माचागोरा का जो जल स्तर घट रहा है, निश्चित रूप से 15 से 20 दिनों में चौरई क्षेत्र के साथ-साथ छिंदवाड़ा भी भीषण जल संकट की चपेट में होगा जो कि निश्चित रूप से चिंता का विषय है। अगर कुछ समय के लिये जलाशय के खोले गये गेट बंद नहीं किये गये तो क्षेत्रीय जनता विकट समस्या का सामना करेगी। इस जिले के मुखिया सांसद को जिम्मेदारी लेना चाहिये कि अपने जिले की जनता के साथ सौतेला व अन्याय पूर्ण व्यवहार न करें। माचागोरा और क्षेत्र के बिगड़ते हालात मौजूदा सरकार के द्वारा किये गये झूठे वादे, झूठी नीतियों की कलई खोल रहे हैं, जिसका जबाव भविष्य में यही जनता अपने निर्णय के माध्यम से देगी।

गुलाबी गैंग चौरई व छिंदवाड़ा जिले की आवाम के साथ मध्यप्रदेश सरकार को आगाह करती है कि यदि चौरई की पेयजल की गंभी समस्या को ध्यान में रखकर पुनः खोले गये जलाशय के गेट बंद किये जायें, पर्याप्त जल स्त्रोत होने पर ही निकट के जिले सिवनी को आवंटित किया जाये अन्यथा चौरई, छिंदवाड़ा में उग्र आंदोलन किया जायेगा।

*सार समाचार*

## अक्षय तृतीया बाल विवाह पर विशेष जागरुकता अभियान



**छिन्दवाड़ा, देशबन्धु।** कल 24 अप्रैल 2025 को बाल विवाह मुक्त भारत अभियान के अंतर्गत अक्षय तृतीया के अवसर पर बाल विवाह मुक्त भारत अभियान रथ का शुभारंभ शैलेंद्र सिंह कलेक्टर जिला छिंदवाड़ा द्वारा हरी झंडी दिखाकर किया गया। जिसमें जिला कार्यक्रम अधिकारी डॉ. हेमंत छेकर एवं बाल संरक्षण अधिकारी चंद्रशेखर नागेश एवं अंजना पवार, रजनी स्वामी बाल कल्याण समिति के सदस्य श्रीमती क्षीप्रा गुप्ता, विशेष पुलिस इकाई से श्री सोनी, श्री बघेल एवं जिला महिला बाल विकास कार्यालय के कर्मचारी/समेकित की बाल संरक्षण योजना के कर्मचारी उपस्थित थे, एवं रथ के द्वारा ग्राम- सिवानी प्राणमोती, कुसमेंली, बोरिया एवं छिंदवाड़ा शहर अन्य गांव पर बाल विवाह जागरूकता अभियान को लेकर भ्रमण किया गया। आयोजक एक्सेस टू जस्टिस परियोजना के सहयोग से प्रदीपन संस्था जिला छिंदवाड़ा (म.प्र.) जिला को-ऑर्डिनेटर रामनाथ उइके, जिला परामर्शदाता रंजीता कश्यप एवं मनोज उइके, धीरेन्द्र कुमरे, मनोज इनवाती, रेखा मरावी, कमलाकर धुर्वे, रामेती डेहरिया, प्रमिला बंसल द्वारा किया गया।

## पांढुर्णा जिले के रायसोनी यूनिवर्सिटी साईखेड़ा में नरवाई प्रबंधन कार्यशाला



**छिन्दवाड़ा, देशबन्धु।** किसान कल्याण तथा कृषि विकास विभाग मध्यप्रदेश द्वारा संचालित नरवाई प्रबंधन कार्यक्रम के अंतर्गत पांढुर्णा कलेक्टर अजय देव शर्मा के निर्देशानुसार उप संचालक किसान कल्याण तथा कृषि विकास छिंदवाड़ा के मार्गदर्शन में आज जी.एच. रायसोनी यूनिवर्सिटी साईखेड़ा सौंसर में कृषि अभियांत्रिकी तथा एस.ए.डी.ओ. सौंसर कार्यालय द्वारा नरवाई प्रबंधन कार्यक्रम के अंतर्गत कार्यशाला का आयोजन किया गया। इस कार्यशाला में सहायक कृषि यंत्री समीर कुमार पटेल द्वारा नरवाई प्रबंधन के विभिन्न आयामों को लेकर प्रजेन्टेशन दिया गया, इसके लाभों से एवं भूमि पर्यावरण संरक्षण व उत्पादन वृध्दि के महत्व पर विस्तृत चर्चा की गई। कार्यक्रम के अंत में विश्वविद्यालय में उपस्थित प्राध्यापक एवं विद्यार्थियों द्वारा नरवाई न जलाने एवं कृषकों में इसके प्रति जागरूकता का प्रचार-प्रसार करने के लिये शपथ दिलाई गई। कार्यक्रम में विभागीय कृषि विस्तार अधिकारी व विश्वविद्यालय प्रबंधक उपस्थित थे।

## कुलबहरा नदी घाट की साफ सफाई

**छिन्दवाड़ा, देशबन्धु।** कलेक्टर शीलेन्द्र सिंह के निर्देशानुसार म.प्र.जन अभियान परिषद के जिला समन्वयक अखिलेश जैन व विकासखंड समन्वयक के कुशल मार्गदर्शन में नगर परिषद चांद में जल गंगा अभियान के अंतर्गत वार्ड क्रमांक- 5 कुलबहरा नदी घाट की साफ सफाई एवं शासकीय स्कूल में विद्यार्थियों को जल गंगा संवर्धन अभियान के अंतर्गत जानकारी प्रदान की गई। साथ ही नगर में सार्वजनिक प्याऊ की व्यवस्था एवं जल के अपवाह को रोकने के लिए अभियान चलाया गया, जिसमें नगर परिषद चांद के अध्यक्ष, उपाध्यक्ष एवं जनप्रतिनिधि और मुख्य नगर पालिका अधिकारी व कर्मचारी उपस्थित थे।

## गिद्ध गणना कार्यशाला आयोजित

**छिन्दवाड़ा, देशबन्धु।** कल 24 अप्रैल 2025 को संवाद सदन, छिंदवाड़ा में मुख्य वनसंरक्षक छिन्दवाड़ा मधु वि राज के मार्गदर्शन में तथा नोडल अधिकारी साहिल गर्ग वनमंडलाधिकारी पश्चिम छिन्दवाड़ा वनमंडल की उपस्थिति में वृत्त स्तरीय गिद्ध गणना कार्यशाला का आयोजन किया गया। जिसमें पश्चिम वनमंडल, पूर्व वनमंडल एवं पांढुर्ना वनमंडल तथा परासिया, तामिया, छिन्दवाड़ा, अमरवाड़ा उप वन मंडल के समस्त अधिकारी एवं फील्ड स्टॉफ के द्वारा उक्त कार्यशाला में सहभागी रहे।

29 अप्रैल 2025 को होने वाली गणना कार्य पूर्ण कैसे करें और किसी प्रकार की त्रुटि न हो, इस बाबत प्रशिक्षण दिया गया। भोपाल से आये मास्टर ट्रेनर डी.पी. श्रीवास्तव के द्वारा प्रशिक्षण दिया गया। कार्यक्रम में उपवन मंडल अधिकारी परासिया विजेंद्र खोब्रागडे तथा उपवन मंडल अधिकारी तामिया एच.सी. बघेल एवं उपवन मंडल अधिकारी छिंदवाड़ा भरत सोलंकी उपस्थित रहे।





## महिला सेवादल ने पहलगाम के 28 पर्यटक शहीदों को दी श्रद्धांजलि

**छिन्दवाड़ा, देशबन्धु।** जम्मू कश्मीर के पहलगाम गांव में 28 पर्यटक शहिद को महिला सेवादल द्वारा श्रद्धांजलि दी गई। महिला सेवा दल जिला अध्यक्ष डॉक्टर शबाना यासमीन खान 22 अप्रैल जम्मू कश्मीर के पहलगाम में हुई 28 बेगुनह सैलानियों की दर्दनाक हत्या कर शहीद कर दिया गया। महिला सेवादल द्वारा 2 मिनट का मौन धारण करके उन्हें श्रद्धांजलि दी गई।

आज के कार्यक्रम में मुख्य रूप से महिला सेवादल जिला अध्यक्ष डॉक्टर शबाना यास्मीन खान, जिला उपाध्यक्ष सलीका सरेआम, जिला महासचिव शाहजहां बानो, जिला सचिव रश्मि धुर्वे, हिना शेख, शन्नो कमरे, रामप्यारी हुई के कादिर मंसूरी आदि उपस्थित थे।

## छिन्दवाड़ा मेडिकल कॉलेज में पुलिस विभाग द्वारा साइबर क्राइम एवं यातायात नियमों पर किया जागरूक

**छिन्दवाड़ा, देशबन्धु।** अधिष्ठाता डॉ. अभय कुमार के निर्देशन पर मेडिकल कॉलेज में पुलिस विभाग के थाना कोतवाली निरीक्षक उमेश गोलहानी, यातायात पुलिस प्रभारी राकेश तिवारी और साइबर सिक्योरिटी सेल से मोहित चंद्रवंशी के द्वारा यातायात सुरक्षा नियमों, सावधानियों और साइबर फ्रॉड से बचने के विभिन्न उपायों के बारे में विस्तार से प्रेजेंटेशन एवं लेक्चर दिया गया। उक्त विषय में उपस्थित चिकित्सकों द्वारा भी अपने साथ घटित अनुभव साझा किए गए।

कार्यक्रम में अधीक्षक डॉ. विपिन जैन, विभागाध्यक्ष डॉ. सिरपुरकर, डॉ. वाघमारे, डॉ. खैरकर, डॉ. गंधे, डॉ. मेहता समेत अन्य फेकल्टी एवं छात्र छात्राएं उपस्थित रहे। डीन डॉ. अभय कुमार ने पुलिस टीम को स्मृति चिन्ह देकर आभार व्यक्त किया।

उपरोक्त का आयोजन प्रभारी अधिकारी डॉ. मेघा जैन द्वारा किया गया। समस्त आगंतुकों ने कार्यक्रम की प्रशंसा की।



# स्काउट गाइड के बच्चों ने कलेक्टर को दिए जल पात्र

## पक्षियों की प्यास बुझाने का काम कर रहे है स्काउट गाइड

**छिन्दवाड़ा, देशबन्धु।** इस भीषण गर्मी में पक्षियों के पानी पीने हेतु जल पात्रों का वितरण स्काउट गाइड के छात्रों द्वारा भारत स्काउट एवं गाइड जिला संघ छिंदवाड़ा के वार्षिक कार्यक्रमानुसार सभी स्काउट गाइड युक्त विद्यालय अपने स्काउट गाइड के शिक्षकों के साथ सतत कर रहे है। इसी श्रृंखला में गुरुवार को बालाजी पब्लिक स्कूल छिंदवाड़ा की स्काउट गाइड के छात्र-छात्राओं के द्वारा पक्षियों हेतु दाना पानी हेतु जल पात्रों के वितरण हेतु कलेक्टर कार्यालय में पहुंचकर कलेक्टर शीलेंद्र सिंह को प्रदान कर उन्हें अपनी सेवा भावी कार्यो की जानकारी प्रदान दी। इसके साथ ही कलेक्टर कार्यालय परिसर स्थित वृक्ष में स्वयं कलेक्टर शीलेंद्र सिंह द्वारा पक्षियों के पीने के लिए पानी के जल पात्र को टांगा गया एवं उसमें पानी डालकर अभियान की शुरूआत की गई।

स्काउट गाइड के बच्चो की यह अभिनव पहल की प्रशंसा करते हुए कलेक्टर शीलेंद्र सिंह ने सभी से कहा की आपके द्वारा इस भीषण गर्मी में पक्षियों के लिए दाना पानी का इंतजाम और अलग-अलग जगह पहुंचकर जलपात्रो का वितरण सराहनीय कार्य है। आपके इस नेक कार्यों के लिए मैं आपको बधाई देता हूं। एवम अन्य स्कूल के बच्चे भी इस तरह के सेवा भावी कार्य करे जिससे नेक कार्य तो होगा ही साथ ही समाज में सकारात्मक कार्यों के प्रति लोगो में रुचि भी पैदा होगी। उन्होंने स्काउट गाइड को इस अच्छे कार्य के लिए बधाई दी।



इसके पश्चात स्काउट गाइड के बच्चे जिला शिक्षा अधिकारी कार्यालय पहुंचकर जिला शिक्षा अधिकारी गोपाल सिंह बघेल, सहायक संचालक शिक्षा पी.एल. मेश्राम, डी.पी. डेहरिया, विकास खण्ड शिक्षा अधिकारी जी.एल. नायक, डी.ओ.सी. स्काउट नरेंद्र कुमार शर्मा, स्काउट गाइड जिला संघ अध्यक्ष विनोद तिवारी, जिला सह सचिव दिनेश वर्मा की उपस्थिति में किया गया। अध्यक्ष द्वारा जल पात्र वितरित किए गए एवम लगाए गए।

ज्ञात हो की डी.ओ.सी. स्काउट नरेंद्र शर्मा एवं स्कूल संचालक अभिषेक नायडू, आदर्श नायडू एवं स्कूल प्राचार्य श्रीमती बी अनुराधा नायडू के कुशल मार्गदर्शन में विगत तीन दिवस से जिले भर में पक्षी हेतु दाना पानी हेतु जल पात्रों का वितरित जगह-जगह किया जा रहा है। पक्षियों के लिए जल पात्र बटाने में बच्चो के साथ बालाजी पब्लिक स्कूल के स्काउट प्रभारी नरेश जोशी एवं गाइड प्रभारी ऊषा गाजरवार ने पक्षियों के बचाने के महत्व स्काउट एवं गाइड पर प्रकाश डाला तथा साथ ही उपस्थित स्काउट एवं गाइड के छात्र छात्राओं ने शाला परिसर के आसपास जनता कालोनी में घर-घर जाकर लोगों को पक्षियों हेतु दाना पानी के पात्र वितरित किए।

स्काउट गाइड के छात्र छात्राओं के इस नेक कार्य किए जाने हेतु अपने घर मोहल्ले में सभी को इस नेक कार्य किए जाने हेतु प्रेरित किया। इस अवसर पर स्काउट गाइड के नेक कार्य को देखते हुए जिला शिक्षा अधिकारी गोपाल सिंह बघेल ने कहा कि बालाजी पब्लिक स्कूल के स्काउट एवं गाइड दलों के द्वारा प्रति वर्ष इस प्रकार का कार्य किया जा है जिसकी जितनी प्रशंसा की जाय कम है। ये बच्चें हमेशा सेवा कार्यों में अपना सक्रिय योगदान देते है। उन्होंने कहा की इन बच्चों से प्रेरणा लेकर जिले के समस्त विद्यालय के स्काउट्स गाइड्स के छात्र छात्राओं के द्वारा भी इस तरह से सेवा कार्य किया जाना चाहिए।

स्काउट गाइड जिला संघ अध्यक्ष विनोद तिवारी ने सभी स्काउट्स गाइड्स को एवं शाला परिवार को इस पुनीत कार्य की सराहना की और कहा कि जिले के समस्त विद्यालय के स्काउट्स गाइड्स के द्वारा इस प्रकार के कार्य करने के लिए हमारे जिले के स्काउट गाइड के छात्र छात्राओं से सभी को प्रेरणा लेनी चाहिए।

उन्होंने स्कूल प्रबंधन से बी अनुराधा नायडू, अभिषेक नायडू, आदर्श नायडू सहित स्काउट गाइड प्रभारी नरेश जोशी एवम उषा गाजरबार के कुशल मार्गदर्शन हेतु स्काउट गाइड जिला संघ की और से धन्यवाद भी ज्ञापित किया। कार्यक्रम को सफल बनाने में नरेश जोशी, प्रभारी ऊषा गाजरवार एवं शाला के समस्त परिवार का विशेष योगदान सहयोग रहा।

# कांग्रेस के एससी प्रकोष्ठ की जिलाध्यक्ष ने दिव्यांग को दिलाई बैसाखी

**छिन्दवाड़ा, देशबन्धु।** केविन केयर एबिलिटी अवार्ड राष्ट्रीय पुरूस्कार से सम्मानित दिव्यांगजनों की सेवा में समर्पित संस्था आधार फाउण्डेशन पोआमा छिंदवाड़ा के द्वारा बौद्धिक एवं विकासात्मक दिव्यांगजनों के लिये संचालित पुर्नवास एवं विकास केन्द्र द्वारा गरीब बेसहारा दिव्यांग महिला मालती साहू को बैशाखी निःशुल्क सप्रेम भेंट की।

आधार फाउण्डेशन की संचालिका एवं अध्यक्ष सरिता पांडे ने बताया संस्था विगत 2011 से दिव्यांग जन के लिये कार्य कर रही है। इसी श्रृंखला में आज छिंदवाड़ा निवासी मालती साहू को बैशाखी प्रदान की गई। बैशाखी दिलाने में समाजसेवी संतोषी गजभिये का विशेष सहयोग रहा, संतोषी गजभिये द्वारा कई वर्षो से महिलाओं के उत्थान के लिये लगातार कार्य किया जा रहा है। बैशाखी पाकर मालती साहू ने प्रसन्नता जाहिर की।

